Loktej
Edition: Surat Date: 09.06.11 Page No.: 11

# स्टर्लिंग होस्पिटल में लीवर का सफल ट्रांसप्लांट हुआ

अहमदाबाद। 14 घंटों की कड़ी मेहनत के बाद गुजरात के कार्पोरेट होस्टिपल में अग्रणी स्टर्लिंग होस्पिटल में डाक्टरों की टीम द्वारा हाल ही में एक जीवित व्यक्ति के लीवर की मदद से लीवर सीरोसीस से ग्रस्त व्यक्ति में लीवर का सफल ट्रांसप्लांट किया गया। आनंद के 52 साल के जनरल प्रैक्टीशनर डौ कनुभाई गोहिल एवं उनके संबंधी पर यह आपरेशन डॉ ए एस सोइन, डा हितेष चावला, डॉ रवि मोहन्का एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। गुडगांव के मेडीसिटी इंस्टीट्यूट आफ लीवर ट्रांसप्लांटेशन एंड रिजनेरेटीव मेडिसीन के चीफ आफ लीवर ट्रांसप्लांट एंड हीपेटोबीलीअरी सर्जन डॉ ए एस सोइन एवं उनकी टीम द्वारा भारत में लीवर का ट्रांसप्लांट किया जाता है। इस बारे में स्टलिंग होस्पिटल के चीफ डॉ हितेश चावडा ने बताया कि पिछले महीने कनुभाई के पेट में दर्द था अशक्ति एवं पीलिया के साथ उन्होंने होस्पिटल का संपर्क किया। जांच के दौरान पता चला कि 20 साल पहले किसी रक्तदाता द्वारा उन्हें हीपेटाइटीस-सी का रोग लग गया था जिससे उन्हें लीवर सिरोसीस हो गया। इससे उनका जीना दूभर हो गया था। कनूभाई को स्टर्लिंग होस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां कुशल डाक्टरों की टीम द्वारा उनके लीवर का ट्रांसप्लांट किया गया।